राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल ने किया "मिट्टी बचाओ" अभियान के पोस्टर का लोकार्पण

जयपुर, 19 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में ईशा फाउंडेशन की श्रीमती मधु चंद्रिका, श्रीमती गिरिजा शर्मा और डॉ. एच. सी. गणेशिया ने मुलाकात कर आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु द्वारा प्रारम्भ "मिट्टी बचाओ" अभियान के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अभियान के पोस्टर का भी इस दौरान लोकार्पण किया।

उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में मिट्टी की बढ़ती दुर्दशा के बारे में जागरूकता के लिए ईशा फाउंडेशन के संस्थापक, सद्गुरु द्वारा 'सेव सॉयल' वैश्विक अभियान की पहल की गई है।